भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
विकास आयुक्त का कार्यालय
सीप्ज़ विशेष आर्थिक क्षेत्र
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400096

Government of India
Ministry of Commerce & Industry
Office of the Development Commissioner
SEEPZ Special Economic Zone
Andheri (E), Mumbai - 400096

वेबसाइट: www.seepz.gov.in | ई-मेल: dcseepz-mah@nic.in | टेलीफोन: 022-28290856/28294700

फ़ाइल सं.SECU-/11032/1/2022-SECURITY SECTION/ 10012 दिनांकः- 28.07.2025

## परिपत्र सं. 33/2025

विषयः- 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन।

15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस कार्यालय में प्रातः 09.15 बजे ध्वजारोहण समारोह कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।। सीमा शुल्क विभाग के इस कार्यालय से संबध्द सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का उनके विभागीय यूनीफॉर्म में श्री. विशाल लाल प्राधिकृत अधिकारी जो इस ग्रुप के प्रभारी होगें, के नेतृत्व में ध्वजास्थल पर प्रांत 8.30 बजे एवं सभी सुरक्षा रक्षकों के लिए ध्वजारोहण स्थल पर प्रातः 07.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। विकास आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं संबध्द कर्मियों की उपस्थिति परेड ग्राउंड में प्रातः 08.30 बजे सादर प्रार्थनीय है।

ध्वजारोहण समारोह के कार्यक्रम का ब्यौरा इस प्रकार है:-

01. मा.संयुक्त विकास आयुक्त प्रातः 9.12 बजे माननीय विकास आयुक्त के कक्ष में जाकर उनसे ध्वजारोहण करने के लिए, प्रस्थान करने का अनुरोध करेंगे ।
02. सुरक्षा अधिकारी श्री विजय नरे सर्विस सेंटर बिल्डिंग की सीढ़ी पर प्रातः 9.14 बजे माननीय विकास आयुक्त का स्वागत करने के लिए उपस्थित रहेंगे तथा अगवानी करके उन्हें सम्मानपूर्वक सलामी स्थल तक ले जाएंगे।
03. माननीय विकास आय़ुक्त को सर्विस सेंटर बिल्डिंग से सादर पूर्वक श्री विजय नरे जैसे ही परेड स्थल की ओर लेकर चलना प्रारंभ करेंगे, त्योंही परेड कमांडर श्री सुरेश इंदुलकर परेड को सावधान की स्थिति में होने का आदेश देंगे तथा इसके पश्चात मा. विकास आयुक्त परेड का निरीक्षण करेंगे।
04. फ्लैग पोस्ट के निकट खड़े प्रमुख सुरक्षा रक्षक श्री राजेंद्र सिंह ध्वज की डोर माननीय विकास आयुक्त के हाथों में सौंपेंगे ।
05. माननीय विकास आयुक्त प्रातः 9.15 बजे झंडा फहराएंगे तथा प्रमुख सुरक्षा रक्षक श्री राजेंद्र सिंह डोरी का दूसरा सिरा पकड़े रहेंगे तथा माननीय विकास आयुक्त राष्ट्रीय ध्वज की तरफ देखते हुए एक कदम पीछे आकर राष्ट्रगान के समाप्त होने तक राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे।

06. परेड कमांडर "सलामी दो" का आदेश देंगे तथा उसके साथ राष्ट्रगान प्रारंभ होगा।

07. ठीक इसी समय अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी उपस्थित नागरिक राष्ट्र ध्वज को तब तक सलामी देंगे/सावधान मुद्रा में होगें जब तक कि राष्ट्रगान का अंतिम शब्द समाप्त नहीं हो जाता तथा इसके पश्चात वे अपने हाथ नीचे कर लेंगे।

08. राष्ट्रगान समाप्त होने के बाद माननीय विकास आयुक्त दर्शकों को संबोधित करेंगे।

ध्वजारोहण के बाद सभी को चायपान और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मेगा सीएफ़सी बिल्डिंग के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यालय से सबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करे।

11-08-2025

(राहुल शिवणगोल)
सहायक विकास आयुक्त/सुरक्षा
सीप्ज़-सेज़

प्रतिः,

सभी अधिकारी/कर्मचारी गण